❀ ओ३म् तत्सत् ❀

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ७ Year 7

अंक १ Number 1

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर (उ०प्र०)

(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission

Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मण्डल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०)

वार्षिक मूल्य ३। एक अंक १)

प्रकाशक — श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट शाहजहाँपुर

उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूची :-

विषय	लेखक	पृष्ठ
१—सम्पादकीय		१
२—साधना	समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज फतेहगढ़	४
३—निष्काम भक्ति	कु० पुष्पाराजी सक्सेना	६
४—पत्र	श्री रामदास गुप्ता तिनसुकिया आसाम	१२
५—खुदा और नाखुदा	श्री मुसाहिब राय शाहबादी	१४
६—मनुष्य आज क्या करे ?	जगदीशप्रसाद अग्रवाल बी०ए०	१५
७—कामना	कु० पुष्पा रानी सक्सेना	२२
८—सहज मार्ग ही भक्ति का सच्चा साधन	गुँडेराव पटवारी नागवारकर 'साहित्यरत्न'	२७
९—नसीहत या शिक्षा अच्छी चीज है अगर वह खुद को दी जावे	कु० कस्तूरी चतुर्वेदी	३०
10—Concentration	Shri Ram Chandra Ji President	33
11—Sahaj Marga A New School of Thought	Sri Raghavendra Rao B.Sc.,B.E.M.I.S.E.	39
12—My Master of this world & beyond	Ram Chandra Saxena	43
13—The Vision of the Divine.		49
14—The Quest.	Sri Raghavendra Rao B Sc., B.E.M I.S E.	53
15—My Master of this world & beyond (-III-)	Shri R. C. Saxena	60

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

Shri Ram Chandra Mission

(Head Quarters — Shahjahanpur U. P.)

Branches & Training Centres

1. Lakhimpur-Kheri	U.P.		Under Sri	Hardatta Singh
2. Puranpur (Pilibhit)	„		„	Karuna Shankar
3. Lucknow	„		„	Nasib Chand
4. Moradabad	„		„	R. C. Saxena
5. Bareilly	„		„	Naraen Sahai
6. Delhi		i „	„	S. K. Rajgopalan
		ii „	„	M. L. Chaturvedi
7. Tinsukia	Assam	„	„	Ramdas Gupta
8. Madras	South India	i. „	„	C. M. T. Mudaliar
		ii. „	„	R. Viraraghavan
9. Vijayavada	„	„	„	N. Kumaraswami
10. Tirupati	„	„	„	Dr. K.C. Varadachari
11. Beliary & Hassan	„	„	„	Raghavendra Rao
12. Gulbarga	„	„	„	Sripati Sarnad
13. Seram	„	„	„	Ayal Reddy
14. Trichinopoli	„	„	„	R. Seshodari
15. Pathankot	East Panjab	„	„	Satya Pal
16. Fatehgarh (Farrukhabad)	U.P.	„	„	Dr. Lalta Prasad

'A Peep into Sahaj Marga.'

(by Sri Ishwar Sahai)

The book which is the latest publication of Shri Ram Chandra Mission is now out, and can be had from any branch or Centre of the Mission. The book is an endeavour to present to the readers the real picture of Sahaj Marga, explaining its principles and technique in greater details. The Sahaj Marga as a new contribution to world thought offers a practical course of Yoga, easily adjustable in the normal routine of a modern life. The book is meant to provide for a practical insight into the system, inorder to satisfy the growing curiosity of the people towards Sahaj Marga.

Publication Department
Shri Ram Chandra Mission,
Shahjahanpur U. P.

Printed by:- Gandhi Press, Shahjahanpur.

॥ सम्पादकीय ॥

अप्रत्याशित परिस्थितियों के आजाने के कारण पत्रिका के इस अंक के प्रकाशन में कुछ विलम्ब हो गया। इसके लिये हम अपने सुविज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करते हैं।

परम-तत्व का साक्षात्कार प्राप्त करने के लिये समयानुसार साधना के क्षेत्र में नये नये प्रयोग होते रहे हैं। सर्वोत्तम साधना के रूप में, राजयोग का, भारतवर्ष में अपना विशिष्ट स्थान रहा है। किन्तु समय के प्रवाह के साथ ही दुर्भाग्यवश कुछ ऐसी राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियाँ आईं कि जिनके कारण आत्म-चिन्तन के क्षेत्र में बौद्धिकता और पांडित्य प्रदर्शन की प्रवृत्तियों का प्राबल्य होता गया। जिसके फल स्वरूप साधना का प्रयोगात्मक-पक्ष लुप्त होगया और राजयोग की साधना भी अपने मौलिक रूप को खोकर कठिन आग्राह्य एवं रूढ़ि ग्रस्त होकर प्रभाव हीन हो गई।

हर्ष की बात है कि फतेहगढ़ निवासी महात्मा रामचन्द्र जी के स्तुत्य प्रयास से राजयोग की साधना के इतिहास का नवीन अध्याय 'सहज मार्ग' के रूप में आरम्भ हुआ। परम श्रद्धेय महात्मा रामचन्द्र जी अध्यक्ष श्री रामचन्द्र

मिशन शाहजहाँपुर ने अपनी जीवन-व्यापी समस्त साधना से उसे नवीन उत्कर्ष प्रदान कर, जन-जीवन के लिये उसे अत्यन्त सरल, सुगम एवं प्रास्य बना दिया। 'सहज-मार्ग' की अपनी कुछ विशिष्टतायें हैं जो लौकिक तथा पारमार्थिक जीवन में मंजुल सामञ्जस्य स्थापित कर खोये हुये संतुलन को पाने में अत्यधिक सहायक सिद्ध हो रही हैं।

केवल शान्ति काल में ही नहीं वरन् युद्ध और घोर अशान्ति के समय में भी, इस राजयोग का विशिष्ट महत्व रहा है। आसुरी भावापन्न शक्तियों के दुर्दमनीय रूप धारण कर लेने पर, विजय लाभ के लिये, आत्मबल की अनिवार्यता असंदिग्ध मानी गई है। महाभारत का विनाशकारी युद्ध दैवी और आसुरी शक्तियों के संघर्ष का ज्वलंत उदाहरण है जिसमें योगिराज भगवान कृष्ण ने किंकर्तव्य-विमूढ़ अर्जुन को 'योग' द्वारा आत्मस्थ होने की दिव्य प्रेरणा में प्रदान की थी। इसी के पश्चात् ही महान धनुर्धर तथा अतुलनीय तेजस्वी वीर अर्जुन के हमें दर्शन प्राप्त होते हैं। चीन के बर्बर आक्रमण में भी उसी प्रकार की परिस्थितियाँ उत्पन्न कर दी हैं जिसमें कि हमें, गीता के दिव्य संदेश से भावित महारथी अर्जुन के समान ही सम्बद्ध होकर आसुरी भावापन्न चीन के दम्भ-घट को चूर चूर करके आत्मबल एवं दिव्य संस्कृति की प्रतिष्ठा करनी है।

गत-सितम्बर में आसाम के कुछ लब्ध प्रतिष्ठ महानुभावों के अनुरोध पर मिशन के अध्यक्ष पूजनीय महात्मा रामचन्द्र जी ने, आसाम का व्यापक दौरा किया और सहज-मार्ग के दिव्य-सन्देशों से वहां के निवासियों को लाभान्वित करते हुये 'सहज-मार्ग की साधना-प्रक्रिया और उसके लक्ष्य पर विस्तार के साथ प्रकाश डाला। स्थान स्थान पर वहां के निवासियों ने प्रतिदिन दो दो तीन विराट सभाओं का आयोजन किया जो उनके उत्साह और जिज्ञासा की उत्कृष्ट प्रमाण थीं। आसाम प्रान्त में, सहज-मार्ग की लोकप्रियता तथा महत्व को पाने की अदम्य अभिलाषा के विकासमान रूप को देखकर अगले वर्ष भी, देश के उस प्रदेश के भ्रमर का निश्चय किया जा चुका है जहां असीम रूप में प्रकृति की सुरम्यता एवं वैभव बिखरा हुआ है।

* साधना *

[समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़]

(गताँक से आगे)

ज्ञान, उपासना, सुख

जब तक व्यक्ति किसी वस्तु के महत्व, प्रभाव और लाभ से परिचित नहीं होता, तब तक न उसे इतमीनान (विश्वास) होता है, न उस पर स्थिर होता है। और जब तक स्थिर नहीं होता है, तब तक उसे आराम और आनन्द नहीं मिलता। समस्त आनन्द का रहस्य केवल चित्त की वृत्ति के ठहराव और स्थिरता का परिणाम है, सुख, स्थिरता और आराम का उत्तराधिकारी हुआ करता है, क्योंकि सृष्टि क्रम में ऐसी ही व्यवस्था है, और इसी पर यह खेल हुआ करता है। किन्तु ज्ञान या साक्षात्कार के महत्व पर जो इतना बल दिया गया है, उसके अभिप्राय का सम्बन्ध बन्धन और आवरण की समस्या से है, अन्यथा जो कुछ हुआ, हो रहा है, या होगा, वह यूँही अपने सिलसिले में चलत रहता है।

अब प्रश्न यह होता है, कि फिर ज्ञान का क्या गौरव है यदि अपने आप ही हुआ करता है, तो फिर जानने की इच्छा और जानने प्रयत्न की क्या आवश्यकता शेष रहती है ? उत्तर यही है कि जिसे हम जानना, जानने की इच्छा और

जानने का प्रयत्न करना कहते हैं, वह भी तो इसी सृष्टि क्रम में मौजूद है। उससे बचाव कब है ! वह तो यूँ ही होता रहेगा फिर सवाल पैदा होता है कि हम चिंता क्यों करें। जब कि हमारे चिंता किये बिना ही एक काम अपने आप होता है, तब तो वह अप्राप्य है। इसका उत्तर यह है कि चिंता न करो तो बहुत अच्छा है। यदि बेफिक्री रहे तो इससे अच्छी और क्या बात हो सकती है ! किन्तु जिसको हम चिंता कहते हैं, वह दिल की कुरेद है, जो आन्तरिक इच्छा के प्रभाव के अंतर्गत उत्पन्न हुआ करती है, और जब तक कि इच्छा पूरी नहीं हो लेती, तब तक यह अपना काम करती रहती है। इसी इच्छा को संस्कृत में 'वासना' कहते हैं। इसी से मानवीय संसार व्यक्त रूप में आता है, और जब तक यह इच्छा इच्छाहीनता में परिवर्तित नहीं हो लेती, तब तक शान्ति नहीं आती।

इच्छा का इच्छाहीनता में परिवर्तित होना स्थिरता उपासना और ठहराव है। यह या तो ज्ञान से पैदा होती है, या इच्छित वस्तु की प्राप्ति हो जाने पर तृप्ति की स्थिति उत्पन्न होकर हो कर स्थिरता का कारण बन जाती है। इस कारण ज्ञानियों ने ज्ञान के गौरव का राग जोर शोर के साथ अलापा है। यह अक्षरशः ठीक है। जब तक ज्ञान नहीं होता, विवेक, निर्णय और दिल की मजबूती की कमी रहती है। और यह तो ज्ञात ही है कि द्विधा और आगा पीछा सोचने में पड़े रहने वाले

व्यक्ति में कितनी बेचैनी रहती है। दूसरी बात यह है कि प्रकृति में हमेशा हर हालत एक सी नहीं रहती। उसका उत्थान हुआ करता है।

उत्थान, बाजगश्ता यानी बराबर वापसी को कहते हैं। सिमटाव के साथ उत्थान बराबर होता रहता है, जैसे जागृति का सिमटाव स्वप्न में, और स्वप्न का सिमटाव सुषुप्ति में प्राकृतिक ही हुआ करता है। फिर सुषुप्ति से स्वप्न अथवा जागृति में उत्थान होता है। यह नित्य प्रति का कार्यक्रम है। इसी का नाम कालचक्र है।

तृप्ति और इच्छाहीनता की लगभग एक ही स्थिति है। इच्छा की तृप्ति को भोग और इच्छा की इच्छाहीनता को योग कह सकते हैं। जो योग है, वही भोग भी है। भोग रस लेने को कहते हैं, और योग रूप के मिलाप का नाम है। कर्म और ज्ञान अन्तिम सीमा में दोनों एक से हो जाते हैं। कर्म से हजारों कर्म पैदा होते हैं, और प्रारम्भ में इच्छा के गर्भ से असंख्य इच्छाएँ निकलती रहती हैं। इनके विषय में बिना समझे पड़ा रहना अन्धकार है, और जब कर्म करते करते और इच्छा उठाते उठाते अनुभव बढ़ जाता है और दिल की सफाई हो जाती है, तब ज्ञान की हालत आजाती है, और विवेक जागता है। तब रोशनी और प्रकाश का अवसर हाथ

आता है, और इच्छाहीनता में स्थिरता आजाती है। कर्म पहला (पूर्व) चरण और ज्ञान पिछला (उत्तर) चरण है। बिना सोचे समझे बात चीत का सिलसिला पहला चरण है; उसको 'मीमाँसा' कहते हैं। मीमाँसा दो हैं— एक पूर्व मीमाँसा (पहले ज्ञान की खोज), दूसरी उत्तर मीमांसा पिछले ज्ञान की खोज)। पहला कर्म है, किन्तु केवल वह कर्म जो वेद की व्यावहारिक वास्तविकता को जानने के प्रयत्न से सम्बद्ध हैं। यदि यह विचार है, तो वह पहली मंजिल है। और उत्तर मीमाँसा ज्ञान है, किन्तु केवल वह ज्ञान जो वेद की सैद्धान्तिक वास्तविकता जानने के प्रयत्न से सम्बद्ध है। यह पिछली मन्जिल है। जो इन को इस अर्थ में समझते हैं, वह धोखा नहीं खाते; और जो साधारण व्यापार और किसी इच्छा को सामने रख कर कर्म करते हैं, वह कर्म के बाद कर्म, और इच्छा के बाद इच्छा उठाते रहते हैं, और इनके अनवरत क्रम की उलझन में पड़ कर गन्तव्य से बहुत दूर जा पड़ते हैं। इसी प्रकार जो ज्ञान के उद्देश्य को जान कर बातों ही में या दलील, हुज्जत, बाद-विवाद तक ही अपने प्रयत्न को सीमित रखते हैं, वह भी बीच में खो जाते हैं, और वाचिक ज्ञानी बन कर न इधर के होते हैं और न उधर के।

कर्म आस्तित्व की अभिव्यक्ति का व्यावहारिक पक्ष हैं; ज्ञान अस्तित्व की अभिव्यक्ति का सैद्धान्तिक पक्ष है। यह दोनों पक्ष

अस्तित्व की दरमियानी कड़ी से सम्बद्ध हैं। यह दरमियानी कड़ी मनुष्य का हृदय है। यह हृदय ही अस्तित्व के स्थूल क्षेत्रमें अपनी धार को भेज भेज कर कर्म और अमल कराता है और उस की अभिव्यक्ति का प्रबन्ध करता हैं और यही हृदय अस्तित्व के सूक्ष्म क्षेत्र में धार को भेज भेज कर उसके ज्ञान का उत्तराधिकारी होता हुआ बीच या अधर में स्थित रहता है। जब तक वह ज्ञान और कर्म में पड़ा हुआ है तब तक दोनों का आनन्द प्राप्त करता है। यदि किसी ओर पूर्णतः मुड़ गया तो या तो वह इधर का हो रहा या उधर का, क्यों कि उस में स्थूल और सूक्ष्म दोनों स्तरों के प्रभाव और छाया उस में मौजूद हैं।

इस दिल (हृदय) को यदि ज्ञान और कर्म दोनों से हटा कर केवल सूक्ष्म स्तर पर स्थित होने की शिक्षा दी जाये,तो इस शिक्षा को 'उपासना' का नाम दिया जाता है। इस उपासना के परिणाम को सुख और शान्ति कह कर उसी को चरम लक्ष्य के रूप में स्थिर किया गया है। किन्तु इस उपासना में द्विधा का सुख है जो विश्वसनीय नही है। यह खराबी (दोष हैं। शरीर का स्थूल क्षेत्र पदार्थ (माद्दा Matter) के अत्यधिक परिवर्तन का स्थान है यहां से चित्र की वृत्ति बार बार हटायी जाती है और चूंकि सुख वृत्ति के एकाग्र होने और जम कर बैठने की दशा है अतः उसके हटने से दुख होता है। शारीरिकता के सम्बन्ध में यह दोष है। इस का सुख (१) ऊपरी (२) नाशवान (३) बेइख्तियारी (अपने वस-के बाहर) और (४) होश को बढ़ाता है (५) द्विधा में डालता है

निष्काम भक्ति

(कु० पुष्पा रानी सक्सेना)

को जानै को जैहै जमपुर, को सुरपुर परधाम को।
तुलसिहि बहुत भलो लागत जग जीवन राम गुलाम को॥

कौन कह सकता है कि स्वर्ग कौन जाता है और नर्क कौन जाता है, यदि संसार में चार दिन रहना है तो मुझे राम का गुलाम बनकर रहने में आनन्द है, ऐसा तुलसी दास जी का कथन है। वह सेवा भी बिल्कुल निःस्वार्थ होना चाहिए। उसके बदले में किसी प्रकार के भी फल की इच्छा न रखना अत्यन्त आवश्यक है। किन्तु आजकल तो कोई भी व्यक्ति यदि किसी का जरा सा भी कार्य कर देता है तो उसके बदले में किसी न किसी रूप में उसका स्वार्थ अवश्य ही सम्मिलित रहता है। यहाँ तक आधुनिक युग में ईश्वरोपासना भी निःस्वार्थ नहीं है। वह भी लोग स्वार्थवश ही करते हैं। यदि हम ईश्वर को सत्य ही प्राप्त करना चाहते हैं तथा उसका सेवक बनकर रहना चाहते हैं तो हमें अपने मालिक अर्थात् भगवान से उस सेवा के बदले में किसी प्रकार की इच्छा न रखना चाहिए। इसके विपरीत हम जो भी कार्य करें वह सब ईश्वरार्पण कर दें अपनी प्रत्येक करनी का फल भगवान से जोड़ दें तो यदि हमारे वे कार्य शुद्ध भावनाओं से पूर्ण तथा वास्तव में सेवामय होंगे तो वह सत्य ही यज्ञ के समान मान्य होंगे। हमें कार्य तो प्रत्येक करना हैं परन्तु उस कार्य के बदले में किसी प्रकार

की भी फलेच्छा नहीं करनी है तथा वह कार्य इस भाँति करें कि फल की इच्छा का प्रभाव (effect) मन के ऊपर रंचमात्र भी न पड़ने पाए। जिस प्रकार से अखरोट के वृक्ष का वृक्षारोपण करने वाला व्यक्ति शायद ही अपने जीवन में उन फलों का स्वाद पाता है। क्योंकि अखरोट का वृक्ष २५ वर्षों के उपरान्त फल देता है। किन्तु फिर भी फलों के खाने की इच्छा को त्याग करके वृक्ष लगाना है तथा उसे सप्रेम पानी देना है अर्थात् सींचना है।

जब हम अपना प्रत्येक कार्य ईश्वरार्पण कर देंगे तो यदि हमारे उन कार्यों में दोष रह भी जाएंगे, वह उस परम प्रभु के सम्पर्क में आते ही शुद्ध हो जाएंगे। हम अपने में स्थिति दोषों को दूर करने का चाहें कितना ही प्रयास क्यों न करे फिर भी कुछ न कुछ दोष तो शेष रह ही जाते हैं।

बुद्धि परमेश्वर की देन है इसलिए उसे जितने शुद्ध रूप में प्रयोग में ला सकें लाएं। मन में उत्पन्न होने वाली कामनाएं, क्रोध, लोभ आदि विकारों को भी ईश्वरार्पण कर देना है।

हमें ईश्वर प्राप्ति के लिए किसी जंगल गुफा अथवा पर्वत पर जाने की आवश्यकता नहीं मालूम पड़ती। हम जहाँ जो भी कार्य करें उसका सम्बन्ध ईश्वर से जोड़ दें। अर्थात् ईश्वरार्पण कर दें मन आप ही निर्मल व शुद्ध हो जायगा यदि हम ऐसी भावना बना लें कि हमारे सभी कार्य सेवामय हैं तथा वह सेवा ईश्वर की ही सेवा है तो हमारे कार्यों में कितना अन्तर हो जाय। जैसा कि घर आये हुए अतिथि का आदर सत्कार भगवान रूप

समझकर करना, दरवाजे पर आये हुए भिक्षुक को भगवान रूप समझकर भिक्षा देना आदि। प्रत्येक कार्य ईश्वरार्पण कर देने से जीवन में एक आश्चर्यजनक शक्ति आ जायगी।

पुराणों में एक कहानी आती है जो इस प्रकार है:—
एक बुढ़िया थी। वह जो भी कार्य करती थी वह सब कृष्ण जी को अर्पण कर देती थी! यहाँ तक चौका लीपने के बाद बचे हुए गोबर को, तथा घर के सारे कूड़ा करकट को भी कृष्णार्पणमस्तु कहकर बाहर फेंक देती। परिणाम क्या होता कि वह सारा कूड़ा मन्दिर में जाकर कृष्ण जी की मूर्ति पर गिरता। मंदिर का पुजारी मूर्ति साफ करते २ परेशान था अंत में पता चला कि यह सारी करामात इस बुढ़िया की है जब तक इसकी मृत्यु नहीं हो जाती मूर्ति का स्वच्छ रहना असंभव है। जब बुढ़िया के मरने का समय आया तो उसने मृत्यु को भी कृष्णार्पण कर दिया परिणाम स्वरूप मंदिर में स्थित कृष्ण जी की मूर्ति के टुकड़े २ हो गए। अब बुढ़िया को लेने के लिए स्वर्ग से विमान आया उसने उसे भी कृष्णार्पण कर दिया वह विमान भी टुकड़े २ होकर बिखर गया।

उपर्युक्त कहानी कहां तक सत्य हो सकती है कहा नहीं जा सकता किन्तु यह ईश्वरार्पण का एक नमूना है। सारांश यह कि जो भी कार्य अपने से हो सके उन सबको ईश्वरार्पण करने से उन कार्यों में कुछ और ही शक्ति उत्पन्न हो जाती है। इस लिये हमें चाहिए कि हम तन, मन, वचन से ईश्वरोपासना में लग जायें तथा अपने सारे कर्म उसे अर्पण करते चलें। यदि हम इस भावना

को अधिकाधिक दृढ़ बनाते जाएंगे। तो हमारा शुद्ध जीवन दिव्य हो जायगा, मलिन जीवन सुन्दर बन जायगा।

कार्यफल की इच्छा न रखते हुए भी उस कार्यफल को यूँही न फेंककर उसका सम्बन्ध ईश्वर से जोड़ देना श्रेष्ठ है। जिस तरह से फेंका हुआ यूंही नष्ट हो जाती है किन्तु बोया हुआ कई गुना होकर मिलता है। इसी लिए हमने जो कर्म ईश्वरार्पण कर दिये हैं उन्हें बोया हुआ ही समझें। इससे जीवन में अपूर्व आनन्द भर जायगा अपार पवित्रता छा जायगी।

पत्र

(श्री रामदास गुप्ता तिनसुकिया आसाम)

परम पूज्यनीय श्री बाबूजी, आदरणीय भाइयों एवं बहनों

आज जब हमारे देश में स्वामी विवेकानन्द जन्म-शताब्दी मनाने की धूम है। हमारा ध्यान बरबस ही तेजपुँज श्री लाला जी के जन्मोत्सव की तरफ आकर्षित होता है। इस पुण्य-भूमि के जन जीवन में जब जब अधार्मिकता आई ईर्ष्याद्वेष तथा वासनाओं का प्राबल्य हुआ तब तब किसी न किसी महान आत्मा का अवतरण हुआ जिसने लोगों को घोर निद्रा से जगाया। उठो और जागो का संदेश दिया। ऐसे ही मनीषियों में हमारे एक पूज्य लाला जी भी थे। उन्होंने पीड़ित मानव को देखा दयाद्र हो उठे। जागो और उठो से भी एक कदम आगे बढ़कर लक्ष्य तक पहुँचने

का संदेश दिया। सन्देश ही नहीं बल्कि बहुतों को लक्ष्य तक पहुँचाया, पहुँचाने में मदद दी और पहुँचा भी रहे हैं।

ऐसे समय जब गृहस्थ जीवन को रोजी रोटी की समस्या ही प्रमुख रही, आत्म-खोज से विरक्त से रहे ईश्वर प्राप्ति के सर्वश्रेष्ट मार्ग राजयोग को सिर्फ साधु सन्यासियों की ही चीज समझने लगे ऐसी ही तिमिराछन्न स्थिति में उसी कठिन साध्य राजयोग को वैज्ञानिक शोध द्वारा अत्यन्त सरल एवं सुबोध बनाकर उसी गृहस्थ जीवन को अर्पित किया तथा बतलाया कि इसका प्रयोग करो लेकिन जीवन को सुखी करने के साथ ही जीवन के परम लक्ष्य को भी प्राप्त करो। उनकी इस अनुपम देन को आध्यात्मिक जगत कभी नहीं भूल सकता हमारी भावी पीढ़ी सादर इस प्रेणता को स्मरण करती रहेगी।

सारे देवी देवता मेवा निष्ठान्न से प्रसन्न होते हैं। लेकिन हमारे ये देवता हमारी सारी कालिमा, कलुषितः, कुसंस्कार को ही ग्रहण कर प्रसन्न होते हैं। ऐसी महानता क्या कहीं आपको देखने को मिली। धन्य थे वे महापुरुष जिनकी हम आज जन्म तिथि मनाते हैं।

हम अपने आलस्य तथा सारी शंकाओं का परित्याग कर एकनिष्ठ व दृढ़ प्रतियज्ञ होकर उनके निर्देषित मार्ग पर अग्रसर हो तभी इस पुन्य जन्म तिथि मनाने की सार्थकता भी है। अन्त में हम उन योगश्रेष्ट को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। साथ ही यह प्रार्थना है कि हमें अपने तेज से सदा ओत प्रोत रखे ताकि हम अपने मार्ग में अवाध गति से दिनों दिन अग्रसर होते रहें। जय श्रेष्ट

खुदा और नाखुदा

(श्री मुसाहिब राय शाहबादी)

यह दुनियाके जो झगड़े हैं, यह सब ज्यों-ज्यों बदलते हैं।
यकीं* समझो यकीं मानों कि हम कुछ-कुछ बदलते हैं॥
तेरे रहमो-करम से है[1] बदलती जामए हस्ती[2]।
मोहब्बत के यह जज्बे हैं बड़ी मुश्किल से मिलते हैं॥
चली आती है खुशबू हक़[4] की तेरे पाकदामन[5] से
बना देती है फिर उनको जो बन-बन कर बिगड़ते हैं॥
निगह जा करके ठहरी आरजूए[6] कूए[7] जाना[8] पर।
हमारे हजरते[9] दिल भी खमोशी से मचलते हैं॥
यह कुदरत[10] के मनाजिर[11] हैं सुबह और शाम होती है।
कभी सूरज निकलता है कभी तारे चमकते हैं॥
खुदी[12] मिटते ही आती बेखुदी यह राजे-फितरत[13] है।
खुदा और नाखुदा[14] दोनों बड़ी मुश्किल से मिलते हैं॥
हक़ीक़त[15] ही हक़ीक़त सामने है तेरी नजरों[16] के।
यही रोशन-जमीरी[17] है इसी को नूर[18] कहते हैं॥
मजामीने[19] सहज-मार्ग से मिलती है शान्ति हमको।
सदाक़त[20] और हक़ीक़त से भरे मजमूं[21] निकलते हैं॥
तेरी शाने-मोबल्ला[22] की न होवे खाम-फरसाई[23]।
मुनासिब[24] अब नहीं तूले-सखुन[25] "अखतर" समझते हैं॥

---

*विश्वास १. कृपा दृष्टि २. शरीर रूपी वस्त्र ३. उभार ४.

*विश्वास १. कृपा दृष्टि २. शरीर रूपी वस्त्र ३. उभार ४. वास्तविकता ५. पवित्र वस्त्र ६. इच्छा ७. गली ८. प्रियतम ९. श्रीमान् १०. प्रकृति ११ दृश्य १२. अहिंसा १३. प्रकृति का रहस्य १४. मल्लाह अर्थात् गुरु १५. वास्तविकता १६. दृष्टि १७. प्रकाशित हृदय १८. ज्योति १९. लेखों से २०. सत्य २१. लेख २२. महान महिमा २३. लिखना २४. उचित २५. अधिक बढ़ाकर लिखना।

मनुष्य आज क्या करे ?

(जगदीश प्रसाद अग्रवाल बी० ए०)

मनुष्य को जब अपनी चेतना के प्रति चेतना जागृत होती है उस समय दो विचारधारायें मिलती हैं। एक विचारधारा तो स्वयं चेतना के विषय में सोचने की कही जा सकती है और दूसरी विचारधारा इस चेतना शक्ति के उपयोग के विषय की है। चेतना पर सोचना, जिसमें मैं पन (अपने आप का जीवित होने का भाव) शामिल है, अपने ऊपर ही सोचना हो जाता है कि मैं कौन हूं ? मैं इस सोचने की धुन में हम उस शक्ति का मनन मनुष्य, पृथ्वी इत्यादि से लेकर सारे ब्रह्माण्ड का सृजन करती है। परन्तु इस विषय पर सोचने के सिवाय हम और कुछ भी नहीं कर पाते। हमारे अन्दर इस कौतूहल का हो जाना स्वाभाविक ही है कि आखिर मानव जीवन की हरकतों के पीछे क्या राज हो सकता है ? यह सृष्टि कब निर्मित हुई और कब तक बनी रहेगी ? यह समूचा

ब्रह्माण्ड क्यों और किस जगह अवस्थित है ? हमारी यह रहस्यमई पृथ्वी सूर्य, चन्द्र और तारे जिस विस्तार में फैले हुए हैं वह विस्तार क्या है ? इस विस्तार का कहीं आरम्भ या अन्त है भी या नहीं ? हम क्यों और कहाँ हैं ? यह विषय निःसन्देह बड़े कौतूहल का है। परन्तु इन सभी समस्याओं को जितना भी हम सुलझाव देने का प्रयत्न करते हैं, हमारे समझ में उतनी ही नई उलझनें और पैदा हो जाती हैं। अभी हम एक पहेली सुलझा ही नहीं पाये कि इसी सुलझाव में हजार नई पहेलियाँ और आकर उलझ गईं। परन्तु हम यही जिन्दगी भर सोचते रह जाते हैं कि यह पहेलियां क्यों उत्पन्न होती हैं ?

समस्त सृष्टि का कण-कण हजार-हजार प्रश्नों को लिये खड़ा है। जिधर भी देखते हैं प्रश्न ही प्रश्न नजर आते हैं, उत्तर किसी का नहीं मिलता। हमारी बेचैनी बढ़ जाती है और हम अशान्ति का अनुभव करते हैं। उत्तर प्राप्ति की प्यास से हम पागल हो उठते हैं और बुद्धि का सहारा लेकर प्यास बुझाने के लिये जितनी दौड़ धूप कर सकते हैं करते चले हैं। किन्तु प्रत्येक पहेली का उत्तर हमें एक उलझाव के रूप में ही मिलता है। मनुष्य जिस बुद्धि से किसी समस्या को सुलझाता है उसी बुद्धि से वह उलझा भी देता है। बुद्धि जिस वस्तु को सुलझाकर मनुष्य में संतोष प्रदान करती है वही उसे उलझाकर मनुष्य में असन्तोष भी पैदा कर देती है। जो बुद्धि आदि-काल में नंगे रहने वाले मनुष्य के पास थी वही बुद्धि विकसित होकर आज हमारे पास है। जो बुद्धि सूर्य को भगवान की एक भूजा कहती थी वही बुद्धि आज सूर्य को

एक बड़ा अग्नि का गोला-पिण्ड मानती है। जब बुद्धि का स्वभाव ही विकसित होते रहने का है तो इसके द्वारा किये गये किसी भी निर्णय पर हमारा सन्तोष कब तक टिका रह सकता है और हमें यह कैसे विश्वास हो सकता है कि आज के युग की विकसित बुद्धि सारी प्रकृति को समझने के लिये पर्याप्त ही है। यह भी तो हो सकता है कि प्रकृति ने जितनी बुद्धि मनुष्य के लिये स्वीकार की हो वह सारी प्रकृति को एक साथ समझ लेने के लिये काफी न हो और जब तक समूची प्रकृति को एक साथ (As a whole) समझ नहीं लिया जाता तब तक इस पर उठने वाले विभिन्न प्रश्नों के उत्तरों को ढूंढना और फिर उन विभिन्न उत्तरों में एक सामंजस्य की स्थापना करते हुए समूची प्रकृति को समझने का प्रयत्न करना मानवीय शक्ति के परे का ही कार्य कहलायेगा।

मनुष्य 'प्रकृति-को-पूर्णता' के वास्तविक स्वरूप से अनिज्ञ इसके होकर किसी 'अपूर्ण-स्वरूप' को 'पूर्ण-स्वरूप' मान लेता है और तभी उसके आधार पर अपना निर्णय देने में सदैव धोखा खा जाता है हम बुद्धि से प्रकृति के समूचे स्वरूप (As a whole) का अवलोकन नहीं कर पाते अथवा प्रकृति के सभी नियमों और परिस्थितियों से अवगत नहीं हो पाते तभी हमारा प्रकृति पर किसी भी प्रकार का दिया गया निर्णय भले ही कुछ समय के लिये सन्तोष प्रदान करता हो पर बाद में हमारे मस्तिष्क में फिर वही हलचलें पैदा कर देता है ? वास्तव में बुद्धि द्वारा हमारा अनुमान उन्हीं परिस्थितियों में ठीक होता है जिन परिस्थितियों का अध्ययन कर हम अनुमान करते हैं। यदि हम यह कहते हैं कि 'मनुष्य

मरणशील है' तो हमें यह मानना पड़ता है कि अमुक परिस्थितियों अथवा अवस्थाओं के रहते मनुष्य मरणशील बना रहता है। यदि बहुत आगे चलकर ये परिस्थितियाँ प्रकृति ने बदल दीं तो हमारा ऐसा कहना गलत हो जायेगा। यह इसलिये होता है कि हमारी बुद्धि हमें यह विश्वास दिलाने में असमर्थ हो जाती है कि और ऐसी नई परिस्थितियाँ नहीं हैं जो आगे चलकर हमारे कथन को झूठा सिद्ध कर सकें। यह बुद्धि तो हमको स्वयं प्रकृति द्वारा उपलब्ध हुई है और हम उसी प्रकृति के नियमों पर नाचते हुए सारी बुद्धि प्रकृति को समझने में लगा देते हैं। प्रकृति की यह लीला कितनी विचित्र है। अति प्राचीन काल में भी मनुष्य पहाड़ों की कन्दराओं से सिर निकाल कर अपनी फटी-फटी आँखों से सूर्य को निकलते और डूबते देखता था आज के समय में भी मनुष्य बत्तीसवीं मंजिल पर बैठा सूर्य को उसी प्रकार अपने काम में रत निहारता है युग बदल गया और उसके साथ साथ हमारे विचार भी करवटें लेते-लेते बदल गये। आज मनुष्य के विचार और काम करने के साधनों ने एक दूसरा ही रूप ले लिया है, हमारे हर दृष्टिकोण आज पलट गये हैं परन्तु आज भी हम प्रकृति को उसी प्रकार स्वच्छंद रूप से अपने काम में मग्न देखते हैं। आज भी हमारे सामने सारा का सारा विश्व वैसी ही एक पहेली बना हुआ है। प्रकृति ने जो कुछ भी हमें शक्ति प्रदान की उसे लेकर हमने बहुतेरे हाथ पैर पटके, बहुतेरे छटपटाए, लाख प्रयत्न किये पर हम स्वतंत्र प्रकृति के किसी काम में हस्तक्षेप नहीं कर सके। हम प्रकृति के किसी काम में अपना दखल नहीं दे सके, न हम उसकी गति में कोई बाधा डाल सके। वह तो सदैव ही अपने इरादों

पर दृढ़ रहती है और अपनी मनमौजी प्रकृति पर किसी का वश नहीं चलने देती है। प्रकृति ने महान तार्किकों, दार्शनिकों, वैज्ञानिकों, धर्मात्माओं, संतों, ऋषियों, और बड़े बड़े दुष्टों एवं अत्याचारियों को जन्म दिया और फिर उन्हें अपनी शक्तियों का विभिन्न प्रकार से व्यवहार करने का अवसर प्रदान करते हुए अपने आंचल में न जाने कहाँ विलीन कर लिया। प्रकृति की यह गति कितनी रहस्यमयी है। मनुष्य की बुद्धि इसे सोचकर हताश हो उठती है।

ऐसी दशा में मनुष्य थकावट अनुभव करता है और 'चेतना' के विषय में सोचना छोड़कर वह चेतना की क्रिया प्रतिक्रिया पर ध्यान देता है। अब वह अपनी बुद्धि को उस प्रेरणा को समझने में लगाता है जिसमें उसकी चेतना उसे कुछ करने को विवश कर रही है। मनुष्य अब समूची प्रकृति के रहस्यों के पीछे किसी अज्ञात शक्ति का हाथ मानकर अपनी बुद्धि का सहारा लेता हुआ उन कामों को करता चला जाता है जिन्हें करने के लिये वह प्रेरित होता है। वह विश्व के विषय में नहीं सोचता बल्कि विश्व को आमों का वह विस्तृत बगीचा समझता है जिसमें प्रवेश करने पर आमों के पेड़ नहीं गिने जाते बल्कि आमों को चखा जाता है। मनुष्य अब प्रकृति को बच्चों का वह खिलौना मानता है जिसकी प्रत्येक हरकत एवं रंगीनी बालक के हृदय को खुशी से नचा देने के लिये काफी होती है। अब धरती पर एक सुन्दर से सुन्दर जिन्दगी सजाना चाहता है और फिर वैसी ही दूसरों को सिखाना चाहता है। हम सोचते हैं क्यों न मनुष्य अपनी सारी बुद्धि उन तरीकों

को ढूंढने में लगाए जिनपर चलकर वह एक आनन्द भरा जीवन व्यतीत करे ? क्यों न मनुष्य अपनी सारी शक्ति उन भावनाओं में केन्द्रित करे जो मानव-सुलभ हों ? क्यों न हम इस सारे विश्व को, जो अगाध सौंदर्य और सुखों का भण्डार है, एक ऐसा स्थल बनाएं जिसमें जीवन यापन करके प्रत्येक नर-नारी के मुँह से बरबस यह फूट पड़े- "भगवान के हम बड़े कृतज्ञ हैं कि उसने हमें इतने सुन्दर और मधुर विश्व में जीवन बिताने का अवसर दिया।" लेकिन क्या यह इच्छा कभी पूरी हो सकती है ? हम यह अनुमान कर सकते हैं कि आज का युग जिन परिस्थितियों में उलझ गया है उसमें यह इच्छा सफल हो सकेगी ? आज मानव-जीवन जिस असन्तुलता की ओर बढ़ रहा है उसको देखकर ऐसी इच्छाओं का बनाना क्या पागलपन नहीं होगा ? कवियों ने, साहित्यकारों ने राजनितिज्ञों, दार्शनिकों ने निःसंदेह मानव जीवन की विषमताओं को भुला कर उसके स्थान पर मधुर जीवन यापन कराने का प्रयत्न किया, परन्तु क्या यातनाओं की चक्की में पिसने वाली मानव जाति इनके दिग्दर्शित मार्ग पर चलकर निश्चिंत रूप से सुख-पूर्ण साँसें ले सकी हैं क्या आज मानव उस वातावरण में सांस नहीं ले रहा है जो तनाव और विकृतियों से भरा हुआ है ? क्या आज हम शाँति का अनुभव कर रहे हैं ? यद्यपि मानव को उन साधनों की उपलब्धि हुई है जिनके द्वारा वह अपने दीन जीवन को सुधार सके, मानव को उसके ऐसे ऐसे अधिकारों का दिग्दर्शन कराया गया जिसको अपनाकर वह अपने हृदय में स्वतंत्रता का अनुभव करे। लेकिन इन सबको पाकर भी क्या आज मानव की जिन्दगी मुस्करा रही है ? क्या आज हम अशान्ति

के कारण हाहाकार की आवाज सारे विश्व के वातावरण में नहीं सुन रहे है ? इसे सुनकर क्या हम यह नहीं कह सकते कि आज मानव अपनी पहली विपदाओं के जाल से छूटकर विषमता के जाल में उलझ गया है। वास्तव में युग-द्रष्टाओं के प्रयत्नों से मानव-जाति हमेंशा एक विषमता से बचकर दूसरी यातनाओं की चक्की में पिसती रही है।

किन्तु मानव मष्तिष्क यदि इन उलझी गुच्छियों से किनारा करके एक सीधे से सहज-मार्ग की राह पकड़ ले तो वे तमाम विचार जो उलझनों में फंसाने वाले हैं उत्पन्न ही न हों बल्कि उनके स्थान पर 'ईश्वर'-प्राप्ति की तड़प (Universal love) की ज्योति से हमारा अभिअंतर जगमगा उठे। यदि हम अंधेरे में रहने की आदत छोड़ दें तो प्रकाश हमें अवश्य ही मिलेगा। इसी प्रकार हम एक से दूसरी गुच्छियों में उलझने की बात को यदि ईश्वर-प्राप्ति के लक्ष्य को सुदृढ़ विचार से झटक कर तोड़ दें तो फिर वहाँ सीधा सहज-मार्ग का अपार आनन्दमय विस्तृत-क्षेत्र ही दृष्टिगत होने लगेगा। इसलिये कुछ भी हो हमें आज उस शक्ति को जो हमें 'ईश्वर' अथवा प्रकृति द्वारा प्राप्त हुई है उसको परम पवित्र सहज-मार्ग द्वारा ईश्वर प्राप्त की ओर उन्मुख कर दें जिससे हम जन्मजन्मान्तरों की जटिलताओं एवं बंधनों को सद्-गुरु की पावन प्राणाहुति (Trans mission) द्वारा तोड़ कर परम स्वतन्त्र होसकें। तभी मानवजीवन को स्वर्ग बनाने के लिये हमारे साहित्यिक एवं राजनैतिक विचारों को इतनी शक्ति प्राप्त हो सकेगी जो बड़ी ही दृढ़, एवं अकाटय होंगी। आज मानव का यही पवित्र एवं मुख्य कर्त्तव्य है।

कामना

(कु० पुष्पा रानी सक्सेना)

आज के युग में मनुष्य पूर्ण रूप से कामनाओं के दासत्व में जकड़ा हुआ है, यह जानते हुए भी कि कामनाओं के पराधीन होकर वह कभी भी उस सुख की अनुभूति नहीं कर सकेगा जिसे कि वास्तविक सुख कहते हैं। अर्थात् ईश्वर-प्राप्ति का सुख जो कि सभी सुखों में श्रेष्ठ है। किन्तु आज के संसारिक मनुष्य कामनाओं के वशीभूत होकर उस पारलौकिक सुख की विस्मृति कर बैठे हैं। यदि कभी उनका मन उस सुख की ओर आकृष्ट भी होता है तो यही कामनाऐं उनके मार्ग में बाधा उत्पन्न कर देती हैं। यह बाधाऐं उन्हीं मनुष्यों के सम्मुख उत्पन्न होती हैं जो कामनाओं के पूर्णरूप से दास होते हैं। इसकी अपेक्षा जो कामनाओं के दास नहीं होते हैं वे उस 'परम सुख' को प्राप्त करने की अनवरत चेष्टा किया करते हैं और एक दिन ऐसा आता है जब कि उस सुख को प्राप्त कर पूर्ण मानव बन जाते हैं।

सारांश यह कि जब तक कोई भी मनुष्य स्वयं को कामनाओं से मुक्त नहीं कर लेता है तब तक उस आदि शक्ति परमेश्वर को प्राप्त करने में सफल नहीं हो सकता। कामनायुक्त मनुष्य का जीवन निराश एवं कालिमा से पूर्ण होता है। क्योंकि वह वर्तमान में जिस सुख की कल्पना करता है यदि वह उसे प्राप्त नहीं कर पाता तो वह उन कामनाओं के वशीभूत होकर उस सुख की प्राप्ति के लिए कोई भी अमानुषिक कार्य करने में नहीं हिचकता। उसके मन

के अनुकूल सुख की प्राप्ति हो गई तो उसमें उसके प्रति अपनत्व की भावना जागृत रहती है और यदि मन के प्रतिकूल कोई कार्य हो गया तो द्वेष उत्पन्न होता है। इन्हीं राग-द्वेषों के झगड़े में फसकर उसके अनेको कार्य अपराधों के रूप में परिणित होकर पाप का रूप धारण करते जाते हैं।

जिस प्रकार से कोई व्यक्ति बहुत बार बहुत सी अपनी इच्छित वस्तुओं के प्राप्ति की कामना करता है किन्तु वह उन्हें प्राप्त करने में सफल नहीं हो पाता, उनकी अपेक्षा बहुत सी अप्रिय वस्तुएं जिनकी कभी स्वप्न में भी वह कल्पना नहीं करता उसके समक्ष आ उपस्थित होती हैं जिससे कि मानवता का शत्रु क्रोध का प्रगट होना अवश्यम्भावी है दूसरे शब्दों में जिसका नाम है दासत्व अथवा अविवेक। मानव शरीर स्थित मन, प्राण, बुद्धि इन्द्रियां आदि सब मोक्ष प्राप्ति में सहायक हैं यदि उन्हें उचित रूप से प्रयोग में लाया जाय तो। इन्हीं से यदि अनुचित कार्य लिये जाय तो यही नर्क का द्वार बन जाती हैं। जो व्यक्ति इन्द्रियों के दास न बनकर स्वयं इन्द्रियों को अपना दास बना लेते हैं वही महामानव अथवा जीवन मुक्त कहलाते हैं और जो व्यक्ति इन्द्रियों के दासत्व में ही सुख समझते हैं तथा उन्हीं के अनुसार अपना जीवनयापन किया करते हैं वह जीवित ही मृत के समान हो जाते हैं।

किन्तु आज के मानव की कामनाऐं भी अपरिमित है वह जितना ही उन्हें त्यागने का प्रयास करता है वह उतनी ही बढ़ती जाती हैं जिसके परिणाम स्वरूप वह आजीवन उन्हीं कामनाओं को

ही पूर्ति में लगे रह जाते हैं। कोई भी व्यक्ति किसी को एक अच्छा वस्त्र पहने देखता है तो उसका भी मन वैसा ही वस्त्र पहनने को लालायित होने लगता है। यह भी एक प्रकार की कामना ही हुई। अब प्रश्न यह उठता है कि उस वस्त्र को देखकर उसके मन में यह कामना उत्पन्न ही क्यों हुई? सर्व प्रथम हमारी आँखों ने उस वस्त्र को देखा आँखों को वह भला लगा, अब जिसका असर मन पर हुआ और मन ने जोर मारा कि उसके लिए भी वैसा ही वस्त्र होना चाहिए। यदि वैसा ही वस्त्र प्राप्त हो गया तो मन शान्त हो जाता है और यदि न प्राप्त हुआ तो एक प्रकार की झुंझलाहट सी उत्पन्न होती है यही झुंझलाहट एक संस्कार का रूप धारण कर लेती है जिसका उसे कभी न कभी किसी न किसी रूप में इसी जीवन में भोग करना पड़ता है।

इसलिए जब तक वह अपनी कामनाओं को कुवृत्तियों की ओर से हटाकर सद्वृत्तियों की ओर नहीं लगाऐंगे तब तक उस प्रभू की ओर आकृष्ट हो सकने में समर्थ नहीं हो सकेंगे जिसने उसे इस धरणी पर सत्कार्य करने के लिए अवतीर्ण किया है। इसलिए उसकी कामना तो भगवद्भक्ति के लिए ही होनी चाहिये क्योंकि ईश्वर प्राप्ति का सुख ही सभी सुखों में श्रेष्ठ है। राज्य सुख से ऊबे हुए कृष्ण गढ़ाबीश श्री नागरीदास जी कहते हैं:-

कहा भए नृपहूँ भए ढोबत जग बेगार।
लेत न सुख हरि भगति को सकल सुखेन को सार॥

यह कितना अच्छा हो कि व्यक्ति अपनी सभी कामनाओं का परित्याग कर केवल भगवद्भक्ति की कामना ही शेष रखें।

किन्तु ऐसा करने में वह तभी सफल हो सकेंगे जब कि मन को पूर्ण रूप से अपने इष्ट में लगा देंगे क्योंकि मन के द्वारा ही अच्छाइयों एवं बुराइयों का सृजन होता है। क्योंकि मन में जैसी कामना उत्पन्न होती है वैसा ही मानव शरीर स्थित इन्द्रियाँ करती हैं। वह यह नहीं सोचतीं कि यह कार्य करने से हानि होगी अथवा लाभ? जिस प्रकार से कोई व्यक्ति किसी के घर जाता है वहाँ पर उसके सम्मुख खाने के लिये ऐसी वस्तु आती है जिसके खाने से वह जानता है कि हानि ही होगी लाभ नहीं किन्तु कामनाओं के दासत्व में जकड़े होने के कारण वह सोचता है होगा आज खालें कल से नहीं खाएगें। यहां पर मुझे एक दृष्टांत याद आता है कि एक स्त्री रोज अपने पति से कहती "स्वामी मुझे अपने भाई की बहुत चिन्ता है वह प्रतिदिन सन्यासी होने को कहा करता है धीरे २ सारे व्यसन आदि छोड़ रहा है।" पति ने उत्तर में कहा, "प्रिये ऐसे वह कभी भी सन्यासी नहीं हो सकेगा।" पत्नी ने कहा सो कैसे? फिर सन्यासी कैसे हुआ जाता है?" पति ने कहा अभी बताता हूँ। और उसने जो अंगरखा पहन रखा था उसे बीच से फाड़ लगोटी पहन कर बोला आज से तुम व दूसरी स्त्रियाँ मेरे लिये माता के समान हो।" तथा उसी समय से गृह त्याग दिया।

सारांश यह कि जो व्यक्ति विवेकी हो जाते हैं तथा जिनको समझ में आता है कि यह कामनाऐं त्याज्य हैं वह उन्हें एक दम से छोड़ देते हैं इसके विपरीत जो सोचते ही हैं कि यह कामनाऐं तृष्णाऐं बुरी हैं इन्हें छोड़ देना चाहिये। वह आजीवन उसी तर्क

वितर्क में फंसे रहते हैं और कभी उनसे छुटकारी नहीं पाते। यदि हमारी कामनाएं राजसी और तामसी न होकर सात्विक हों और अपना कोई लगाव उनसे न रहे तो वही हमारे जीवन को सुन्दर प्रभुमय बनाने में समर्थ हो सकती हैं। किसी महापुरुष का कितना सरल एवं स्पष्ट कथन है कि जब तक हम कामनाओं के दास बन कर रहेंगे तब तक जगत के ही रहेंगे जगत्पती के नहीं। अर्थात् उस प्रभू का जिसने ८४ लाख योनियों के बाद मानव योनि प्रदान की है उसी का अनुग्रह नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

एक बहुत बड़े सूफी साहब ने लिखा है:-

हर तमन्ना दिल से रुखसत् हो गई।
अब तो आजा अब तो खिलवत हो गई॥

और फिर आगे कहा है:-

मुझको दुनियाँ की कुछ खबर ही नहीं
होश इतना है कि प्यार तुमसे है।

वास्तव में उपर्युक्त लिखित सूफी साहब के दोनों शेर इस बात के समर्थक है कि मन को सब ओर से मोड़ कर केवल अपने इष्ट की ओर ही लगाना चाहिए। रुहानियत की बहुत सी मंजिलें तय करने के बाद अभ्यासी इस मंजिल पर आते हैं। परन्तु इसके बाद भी बहुत कुछ शेष रह जाता है। कामना से यहाँ भी छुटकारा नहीं प्राप्त हो सका क्योंकि उस प्रियतम से मिलने की कामना तो शेष ही रही उससे प्यार करने का होश भी शेष रहा।

हमारे श्री रामचन्द्र मिशन के प्रधानाचार्य, श्रद्धेय श्री बाबू जी का कथन है कि "अभ्यासी को निरन्तर अपने इष्ट की ही स्मृति

में लगा रहना चाहिए और यह अवस्था इतनी गहरी होनी चाहिए कि उस स्मृति को भी स्मृति शेष न रहे।" हमारे श्रद्धेय श्री बाबू जी का संसार पर कितना बड़ा उपकार है जिन्होने हमारे मिशन की केवल चार पंक्ति की दैनिक प्रार्थना में समस्त अध्यात्म-विद्या का हम सबको दिग्दर्शन कराया है। जिसकी दूसरी पंक्ति है:-

हमारी इच्छाएं हमारी उन्नति में बाधक हैं।

हमारे मिशन के संचालक समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज फतेहगढ़ ने निम्न शब्दों में कहा है:-

तर्क दुनियां, तर्क उक़बा, तर्क मौला तर्क तर्फ।

मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यही दशा अखंड समाधि की दशा है। मैं अपने श्रद्धेय श्री बाबू जी से विनम्र निवेदन करूंगी कि वह हमारे सभी सत्संगी भाइयों, माताओं एवं बहनों को तथा अन्य अभ्यासियों को भी जिनके हृदय में ईश्वर प्राप्ति की तड़प मौजूद है इस दशा तक पहुँचाने की कृपा करें।

सहज मार्ग ही भक्ति का सच्चा साधन !

(गुंडेराव पटबारी नागवारकर "साहित्य रत्न")

धर्म की अनेक व्याख्यायें हैं वास्तव में वेद का धर्म और उसकी परिभाषा संसार के महान् दर्शन शास्त्रों के विचारों के अनुसार वैज्ञानिक है!

नमो धर्माय महते धर्मो धारयति प्रजाः
यत्स्या द् धारण सयुंक्त सधर्म इत्यु दाहृतः।

धर्म और भक्ति का जहाँ तक सम्बन्ध है दोनों अलग-अलग वस्तुओं के नाम हैं ! धर्म उसकी व्याख्या उसका कार्य तथा उसका उपभोग अलग है, भक्ति उसकी व्याख्या उसका कार्य तथा उसका उपभोग अलग है ! मनुष्य सामाजिक प्राणी है, मनुष्य को केवल अपना ही नहीं समाज का हित भी देखना चाहिए, उस समाज को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए जिन नियमों की आवश्यकता है वह धर्म है ! भक्ति अलग है ! भक्ति धर्म से कुछ श्रेष्ठ वस्तु है, जब मनुष्य भक्ति द्वारा अपने आत्मा की उन्नति को पहचान कर तुलसी तथा मीरा की तरह अपने अस्तित्व को भूल जाता है, वहां धर्म उसके आधीन हो जाता है। यदि सत्य ही धर्म समझ लिया जाय, तब धर्म ईश्वर का रूप हो जाता है, वह सर्वत्र है जब तक समाज धर्म को सत्य का रूप नहीं समझता तथा उसकी शरण में नहीं जाता तब तक न समाज सुधरता है और न मनुष्य।

मैं सहज मार्ग का एक साधक हूँ, मुझे धर्म की अपेक्षा भक्ति की ओर अधिक ध्यान देना है, तथा मेरे मतानुसार धर्म, भक्ति के आधीन है।

मेरे एक मित्र ने मुझसे प्रश्न किया, जो सहज मार्ग में प्रथम आया था कहने लगा कि "सहज मार्ग में भक्ति को क्या स्थान प्राप्त है" मैंने उत्तर दिया भाई दूसरों की बात तो मैं नहीं कह सकता सहज मार्ग में रहकर शायद दूसरे कुछ विचार करते होंगे पर मैं तो यही समझता हूँ कि "भक्ति" सहज मार्ग का प्राण है।

आत्मोन्नति द्वारा परमात्मा की प्राप्ति गुरू रामचन्द्र द्वारा

उसकी सहायता परमात्मा के प्राप्ती का महान साधन है। हाँ इसके साथ एक और वस्तु की आवश्यकता है और वह है हृदयं हृदय में प्रेम उत्पन्न होकर जब मनुष्य उसको स्वच्छ अथार्थ प्रेम को बढ़ता हुआ अपना सर्वस्व परमात्मा को अर्पण करता है, तब वह सच्चा भक्त बनता है, तथा उसका यह मार्ग श्रेष्ठ है।

सहज मार्ग को भक्ति का सच्चा साधन क्यों समझना चाहिए ?

इस उत्तर के लिए सबसे पहले अपने हृदय को टटोलना आवश्यक है, हृदय की स्वच्छता उसका सुन्दर उत्तर दे सकती है। यहां साधक अपने को समझता हुआ आगे बढ़ता है, उसकी उन्नती उसके हाथ में है साथ ही ऐसे गुरू की सहायता भी जिसको पूर्ण ब्रह्म कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

दूसरे धर्म, सम्प्रदाय, पथ अपने को जीवित रखने के लिये आडम्बरयुक्त भक्ति की साधना को बतलाते हैं पर सहज मार्ग उस भक्ती के मार्ग को बतलाता है जहाँ सत्य है और उसको केवल सत्य का आधार है।

सहज मार्ग के साधकों से एक मेरी प्रार्थना है वह यह कि इस सुन्दर प्राकृतिक सत्य को किसी पथ तथा साम्प्रदाय का रूप न देकर केवल सत्य के आधार पर इसको जीवत रखे, तब एक दिन संसार को इसी सत्य के नीचे आना पड़ेगा तब सारा संसार कहेगा कि सहज मार्ग ही भक्ति का सच्चा साधन है।

———

नसीहत या शिक्षा अच्छी चीज़ है अगर वह खुदको दी जावे।

(कु० कस्तूरी चतुर्वेदी)

किस मस्ताने की यह मधुर-ध्वनि आरही है ? किस परजले परवाने की यह आंतरिक-पुकार है ? कौन ज्योति में ज्योति जलाकर राख होते २ भी किसी अमूल्य-शिक्षा की झंकार हमारे कर्ण-कुहरों में डाल गया है ? स्वतन्त्रता का कौन पुजारी हमें जगाता अपने साथ वहां ले चलने को मंजबूर कर रहा है कि जहाँ कोई राह नहीं है। कौन सी शिक्षा हमारे अंतर में पैठकर अंतर के तार तार को झंकृत कर गई है एवं कौन सी शिक्षा हमारे मन की पीड़ा को जागरूक करके ऊर्ध्वमुखी कर गई है। यह पावन मन-हरिणी एवं तरिणी शिक्षा की ध्वनि केवल हमारे समर्थ सद्गुरू की ही ओर से आ रही है जो हमें चैन नहीं लेने दे रही है। यह केवल आध्यात्मिक-शिक्षा ही हो सकती है अन्य नहीं। वास्तविक शिक्षा के दो ही मुख्य अंग हैं भौतिक-बाह्य-शिक्षा जो हमें संसार के प्रति जागरूक करती है। दूसरी आध्यात्मिक शिक्षा है जो हमें सद्गुरू द्वारा प्राप्त होकर हमारे अंतर की सारी क्रियाओं के रुख को 'साध्य' की ओर उन्मुख करके हमें स्वतंत्र करके मुक्तावस्था को प्रदान करती है। वैसे तो शिक्षा अथवा नसीहत के प्रकारों का छोर नहीं किन्तु हमें तो आज केवल उस एक वास्तविक-शिक्षा की ही ओर ध्यान देना है कि जिसको प्राप्त करके फिर शिक्षा की आवश्यकता ही सदैव के लिये समाप्त हो जाती है. शिक्षा के

केवल दो ही मुख्य रूप हो सकते हैं। एक तो भौतिक-बाह्य-रूप जो बाह्य-आडम्बरों द्वारा हमें संसार सजाने की शिक्षा देता है एवं हमारे वास्तविक स्वरूप के ऊपर आवरण बनकर छा जाता है जब कि दूसरा अध्यात्मिक रूप हमारे अंतर में ध्येय-प्राप्ति की भूख जागृत करके हमारे अंतर के विचारों एवं संकल्प, विकल्प रूपी सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों के कारणों को भी भस्म करने अपने सहज-रूप में सँवारकर साँचे मानव के रूप में परिवर्तित कर देता है। कहा भी है कि:— फरिश्ते से बेहतर है इन्सान बनाना, मगर इसमें पड़ती है मेहनत ज्यादा। यही आध्यात्मिक शिक्षा है जिसका जन्म सद्गुरू-रूपी जननी द्वारा हमारे अन्तर में होकर अपनी तबज्जोह द्वारा हमें भाँति भाँति से शिक्षा देती रहती है। तभी हमारे अन्दर इस बात की दृढ़ता उत्पन्न होती है कि:—"नसीहत या शिक्षा अच्छी चीज है, अगर वह खुद को दी जावे"।

कहते है मानव- संकल्प रूप है एवं संसार केवल विचारों का विकार मात्र है। किन्तु सब कथनों एवं संकल्पों का मूल-आधार नसीहत या शिक्षा ही होती है जिसका परिणाम हमारा 'स्व, रचित ससार हो जाता है। जिसका यह पता पाना कठिन हो जाता है। किन्तु असम्भव नहीं कि यह स्वप्नवत् है अथवा केवल संकल्पवत् है परन्तु यह अवश्य है कि यह कुछ भी हो, कैसा भी हो इसकी सृष्टि संकल्पों अथवा विचारों के विकास मात्र से ही प्रारम्भ होती है और विचारों का प्रारम्भ तो नहीं किन्तु उनका विकास शिक्षा द्वारा ही होता है। यह भी कितनी अनोखी बात है कि जिससे उसका विकास होता है उसके लगे ही में उसके विनाश

की शक्ति भी उपस्थित रहती है। यदि शिक्षा के रूजहान विचारों को विकार की ओर मोड़ दिया तो संसार बन जाता है और हमारे डूबते, उतराते रहने के लिए भवसागर तैयार हो जाता है परन्तु यदि शिक्षा का रूजहान विचारों के विकास की ओर हो गया तो फिर हमारे जन्मजन्मान्तरों से रचित संसार का विनाश हो जाता है। भवसागर तब भवसागर न रह कर हमारे लिये पावन-ईश्वरीय धारा रूपी अविरल आनन्द का सागर बन जाता है जिसमें हम केवल एक अपने प्रियतम इष्ट के स्मरण रूपी विचार की पतवार का आलम्बन लिये अविचल गति से अपने 'उद्गम' की ओर यही गुनगुनाते अग्रसर होते जाते हैं कि:—"पार कहेते वार है, वार कहें नहीं पार, या मग वार न पार है, तन मन डारौ वार ॥

किन्तु! वह एक ऐसी कौन सी शिक्षा हो सकती है जिसके द्वारा हमें ऐसे अनुपम -एवं अलौकिक आनन्द का अनमोल रत्न प्राप्त हो जाता है? वह कौन सी स्मरण अथवा विचार रूपी पारस शक्ति तब हमें प्राप्त हो जाती है जिसके स्पर्श करते रहने मात्र से ही हम पर नसीहत अथवा शिक्षा का मूला-भेद स्पष्ट हो जाता है और हम कृतकृत्य हो उठते हैं? वह कौन सा अपार आनन्द हमें प्राप्त हो जाता है जिससे हमारा रोम रोम पुलकित हो उठता है और वाणी सदा सदा के लिये विश्राम लेलेती है? वह कौन सी मंजिल तब हमें मिल जाती है कि जहाँ "कोई मंजिल नहीं, हम यूँही चले जाते हैं"? भाई ऐसी परम पावन शिक्षा को केवल स्मरण रक्खा जा सकता है पढ़ा या लिखा नहीं जा सकता है।

शेष दूसरी पत्रिका में

Concentration

(Shri Ram Chandra Ji President)

Concentration as commonly taken to understanding, refers to a state in which the conscious activity of the mind is brought to a stand still. But that is not the correct interpretation of the sense implied in it. This concentration, implies physical efforts which one must resort to consciously or unconsciously. Usually one proceeds with it with a conscious idea of some particular state which he interprets as concentration. Generally people take it in the sense of an unnatural heavy sleep brought above by the temporary suspension of senses. As such it is Just like a state of senselessnes caused by the drowning effect of some intoxicating drug. It may perhaps be for that very reason that some of the so-called Mahatmas are usually found to be addicted to Bhang, Charas or Ganja.

Generelly teachers advise abhyasi to practise concentration as a priliminary step for meditation and the abhyasi puts himself to

